श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**अतिआवश्यक**

क्रमांक:एफ-3/एलबीएस/शै०/2021-22/837

दिनांक: 12-11-2021

## कार्यालय सूचना

कार्यालय सूचना संख्या एफ-3/एलबीएस/शै0/2021-22/780 दिनांक 25/28.10.2021 के निरतन्तर में सूचित किया जाता है कि कोविड्-19 महामारी के संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं दिल्ली सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुपालन में समस्त अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा टीकाकरण प्रक्रिया को पूर्ण न करने के कारण तथा वर्तमान परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सभी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों का अध्ययन-अध्यापन कार्य ऑनलाइन माध्यम से यथास्थिति अग्रिम आदेश तक जारी रखा जायें।

इस सम्बन्ध में सम्बन्धित छात्रों एवं अध्यापकों को पुनः सूचित किया जाता है कि वह कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण प्रक्रिया पूर्ण करें तथा टीकाकरण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपने-अपने विभागाध्यक्ष के समक्ष अनिवार्य रूप से यथाशीघ्र जमा करवाने का कष्ट करें।

यह सूचना सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि:-**

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने-अपने विभाग के अध्यापकों को सूचना देने का कष्ट करें।
2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट
3. संबंधित छात्र
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने तथा पीठप्रमुख/विभागाध्यक्ष को प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
5. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
6. संबंधित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)